


RNI.CHHMUL/2021/82339

# खबरीलाल

## न्यूज एंड एनालिसिस

Web News Portal www.khabrilal24x7.in

वर्ष–4 अंक–06 हिन्दी/बांग्ला/अंग्रेजी मासिक रायपुर, फरवरी 2024 पृष्ठ –28 मूल्य–50/-




## वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी ने पेश किया अमृतकाल का बजट

KBRL N&A


प्लास्टिक का उपयोग बन्द करें,
पर्यावरण की रक्षा करें
HECTOR
PIPES
DUM HAI!
जनहित में जारी


MAHENDRA
STEEL | POWER | SPONGE | MINING
स्वच्छ रहें,
स्वस्थ रहें
जनहित में जारी


GROUP
Benchmark of Quality
योग करें निरोग रहें
जनहित में जारी

CHHMUL/2021/82339

# खबरीलाल
न्यूज एंड एनालिसिस

हिन्दी/अंग्रेजी/ बांग्ला मासिक पत्रिका
• वर्ष-4 • अंक-6
फरवरी 2024 रायपुर (छत्तीसगढ़)

■ **संरक्षक**
ब्रह्मचारी डॉ. इन्दुभवानंद महाराज (शंकराचार्य आश्रम रायपुर)

■ **चीफ एडिटर**
श्री पी.के. चटर्जी

■ **संपादक**
पत्रकार खबरीलाल
(सुदीप्तो चटर्जी)

■ **सलाहकार संपादक मंडल**
- श्री वीरेन्द्र गोयल
- श्री अशोक कुमार अग्रवाल
- श्री रमेश कुमार अग्रवाल
- श्री संजय गोयल
- डॉ. मनीष कुमार मंडल
- श्री राजीव कपूर
- श्री कमल अग्रवाल

■ **विशेष संवाददाता**
■ अमित मिश्रा

■ **प्रसार प्रबंधक**
मनीष मिश्रा

■ **चार्टर्ड एकाउंटेंट**
राहुल अग्रवाल

■ **विधिक सलाहकार**
श्री नवीन श्रीवास (अधिवक्ता)

■ **तकनीकी सलाहकार मंडल**
श्री राजकुमार मिश्रा,
श्री ओश मिश्रा

■ साज-सज्जा- ज्योति कंप्यूटर - मो.-9977144626

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक **सुदीप्तो चटर्जी** द्वारा ज्योति कंप्यूटर, शाप नं. 34 विजेता काम्प्लेक्स, शास्त्री बाजार, जिला-रायपुर (छत्तीसगढ़) से मुद्रितकर 7/5 गोविंद नगर, पंडरी, रायपुर, जिला-रायपुर (छत्तीसगढ़) 492006 से प्रकाशित.

**संपादक - सुदीप्तो चटर्जी (पत्रकार खबरीलाल)**
**मोबाईल-9522233033**

उक्त सारे पद अवैतनिक है।




Presents


# हिन्दुओं की विरासत



स्तंभ पर भगवान विष्णु की मूर्ति, रामास्वामी मंदिर, कुंभकोणम, तमिलनाडु का तंजावुर जिला।



यह कोणार्क के जगमोहन मंडप के मुख्य प्रवेश द्वार पर निर्मित ढांचा है। इसे 700 वर्ष पूर्व बनाया गया था इसकी लंबाई 38 मीटर है। हमारे पूर्वजों द्वारा पत्थरों को तराश कर बनाई गई ऐसी नक्काशियाँ हमें दुनियाँ के सभी धर्मों के बीच सिर ऊंचा करके जीने का मौका देती हैं। (कोणार्क सूर्य मंदिर, उड़ीसा)




**The Martand Sun Temple Anantnag, Jammu and Kashmir, India 8th Century by Karkota Dynasty**

The Martand Sun Temple is a Hindu temple located near the city of Anantnag in Jammu and Kashmir, India. It dates back to the 8th century AD and was dedicated to Surya, the chief solar deity in Hinduism; Surya is also known by the Sanskrit-language synonym Martand



**Surya Mandir, Modhera.**

मोढेरा सूर्य मंदिर गुजरात- सूर्य कुंड में कई पिरामिडनुमा सीढ़ियों के बीच 108 छोटे मंदिर हैं। सूर्य कुंडी की सीढ़ियों के बीच हिंदू देवताओं की जटिल पत्थर की नक्काशी को प्रतिष्ठित किया गया है.



संपादकीय



# 'खेला' हो गया !

बिहार में नीतीश कुमार ने आरजेडी के साथ मिलकर सरकार बनाई, दो वर्ष पूरे भी नहीं हुए की नीतीश कुमार ने बीजेपी का दामन थाम लिया। लोग इस राजनीतिक घटनाक्रम को 'खेला' का शब्द दे दिए।




शब्द 'खेला' यानी खेल जिसे कुछ वर्ष पहले तक इस शब्द 'खेला' , 'खेल' को हम प्रत्येक खेल से जुड़ा हुआ देखते थे और जानते-समझते भी थे। लेकिन आजकल यह 'खेला' शब्द राजनीति के दंगल से भी जुड़ गया है। जोड़ तोड़ की राजनीति बहुत पहले से ही शुरू हो गई थी और इस जोड़ तोड़ से बने सरकार में तब खेला शब्द का उपयोग नहीं होता था। जितना समय आगे बढ़ता जा रहा लोग विभिन्न प्रकार के शब्दों को विभिन्न रूप में उपयोग करने लग गए हैं। जब से सोशल मीडिया का चलन बढ़ गया है तब से विभिन्न प्रकार के शब्दों का इजात होने लग गया है या यूं कहें कि कुछ शब्द के छोटे रूप भी सामने आने लग गए हैं। बिहार में नीतीश कुमार ने आरजेडी के साथ मिलकर सरकार बनाई, दो वर्ष पूरे भी नहीं हुए की नीतीश कुमार ने बीजेपी का दामन थाम लिया। लोग इस राजनीतिक घटनाक्रम को 'खेला' का शब्द दे दिए। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को ईडी ने गिरफ्तार किया और सोरेन ने इस्तीफा दे दिया। तब लोग यह कहते हुए दिखे की - क्या अब झारखंड में 'खेला' होने वाला है! वैसे ही जब महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे ने बीजेपी के साथ मिलकर सरकार बनाई तब भी लोग कहते हुए दिखे की 'बहुत बड़ा खेला' हो गया जहां स्वर्गीय बाला साहेब ठाकरे के पुत्र उद्धव ठाकरे को सीएम की कुर्सी के साथ साथ शिवसेना का चुनाव चिन्ह भी गंवाना पड़ गया। अब यह खेला शब्द आम लोगों के बीच भी आम होने के साथ साथ प्रचलित भी होने लग गया है। लोग इस शब्द का समय, घटना और मिजाज को देखते हुए बढ़िया तरीके से खेला शब्द से खेला करते हुए दिख रहे हैं।

**पत्रकार खबरीलाल**
**संपादक**




# विकसित छत्तीसगढ़ के सपने को साकार करने वाला बजट - मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ का वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट आने वाले कई वर्षों तक छत्तीसगढ़ के विकास की दिशा और दशा संवारने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश का राजस्व बढ़ाने वाला बजट है। इस बजट में कर का कोई नया प्रस्ताव नहीं है, न ही मौजूदा करों की दरों में वृद्धि का कोई प्रस्ताव है। यह बजट सभी वर्गों के समावेशी विकास को सुनिश्चित करने वाला और विकसित छत्तीसगढ़ के सपने को साकार करने वाला बजट है। अमृतकाल का छत्तीसगढ़ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय आज वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी द्वारा विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट प्रस्तुत करने के बाद समिति कक्ष में मीडिया प्रतिनिधियों को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उप




- **छत्तीसगढ़ के विकास की दिशा और दशा संवारने वाला बजट**
- **बजट में कोई नया कर नहीं, मौजूदा करों की दर में कोई वृद्धि नहीं**
- **प्रदेश का राजस्व बढ़ाने वाला बजट**

मुख्यमंत्री श्री अरूण साव और श्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद और वित्त सचिव श्री अंकित आनंद भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बजट में हमारा फोकस तङ्कह यानि गरीब, युवा, अन्नदाता किसान और नारी सशक्तिकरण पर केन्द्रित है। बजट में सभी वर्गों की चिन्ता की गई है। यह बजट हमारी सरकार का विजन डॉक्युमेंट भी है, जो छत्तीसगढ़ के चौमुखी विकास की परिकल्पना को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास आने वाले पांच वर्षों में राज्य की जीडीपी को दोगुना करने का होगा।

मुख्यमंत्री ने बजट के प्रमुख बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आदिवासी बहुल बस्तर और सरगुजा के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। तेन्दूपत्ता संग्राहकों के लिए तेन्दूपत्ता संग्रहण दर 4000 रूपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 5500 रूपए प्रति मानक बोरा करने और बोनस का प्रावधान किया गया है। तेन्दूपता संग्राहकों के लिए हम चरण पादुका योजना पुनः शुरू करेंगे। इसी तरह दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना में भूमिहीन कृषि मजदूरों को 10 हजार रूपए की वार्षिक सहायता के लिए बजट में 500 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। युवाओं के भविष्य के साथ अब खिलवाड़ न हो इसके लिए राज्य सरकार ने पीएससी की अनियमितताओं की जांच सीबीआई को सौंपने का निर्णय लिया है।




# बजट पेश करने पर किया मुंह मीठा







मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अमृत काल के नींव का बजट पेश करने पर वित्त मंत्री श्री ओ पी चौधरी को मिठाई खिलाकर दी बधाई। वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने भी मुख्यमंत्री को मिठाई खिलाकर उन्हें धन्यवाद दिया।



# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ रीजनल साईस सेन्टर का किया औचक निरीक्षण

रायपुर । उप मख्यमंत्री तथा तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अपने विभाग के अधीनस्थ संस्थान छत्तीसगढ़ रीजनल साईस सेन्टर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद एवं छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेन्टर के वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों से चर्चा करते हुए संचालित किये जा रहे योजनाओं एवं परियोजनाओं की जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने निरीक्षण के दौरान बताया कि प्रदेश में चल रही शासन की विभिन्न निर्माण संबंधित परियोनाओं की मानिटरिंग रिमोट सेंसिंग तकनीक के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने प्रदेश भर से आने वाले छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों के विज्ञान के प्रति रुझान विकसित किये जाने की दिशा में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संस्थाओं द्वारा किये जा रहे कार्यकमों की प्रशंसा की और आधुनिक विज्ञान की दिशा में विभाग के दायित्वों हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने संस्थानों द्वारा जनहित में किये जा रहे कार्यों में शासन को सहभागी बनाने हेतु मार्गदर्शन दिया।

# खेलों को बढ़ावा देने मद्कूद्वीप में बनाया जाएगा खेल परिसर : अरुण साव

रायपुर। उप मुख्यमंत्री अरुण साव रविवार को मुंगेली जिले के मद्कूद्वीप में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल हुए। श्री साव ने इस मौके पर कहा कि मद्कूद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नई सुविधाएं विकसित की जाएंगी। उन्होंने वहां खेल परिसर बनाने की भी बात कही। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल से टीम वर्क और नेतृत्व की भावना बढ़ती है तथा जीवन में नई ऊर्जा का संचार होता है। खेल से स्वस्थ शरीर एवं मस्तिष्क का विकास होता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लगातार खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे प्रतिभावान खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने मद्कूद्वीप में कबड्डी प्रतियोगिता के विजेता टीमों को पुरस्कृत किया। उन्होंने खिलाड़ियों को शील्ड एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया। प्रतियोगिता की विजेता टीम को 15 हजार रुपए और उप विजेता टीम को 11 हजार रुपए प्रदान किए गए। तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को क्रमशः 5100 रुपए और 3100 रुपए का पुरस्कार दिया गया। श्री साव ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजक समिति को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा के विधायक श्री धरमलाल कौशिक और मुंगेली जिला पंचायत की सदस्य श्रीमती अम्बालिका साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा बड़ी संख्या में कबड्डी प्रेमी भी कार्यक्रम में मौजूद थे।



# जनकल्याणकारी बजट के माध्यम से अमृत काल में रखी गई विकसित छत्तीसगढ़ की नींव




रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने आज त्रक्षङ्ग ष्टत्न की थीम पर बजट प्रस्तुत कर अमृत काल में विकसित छत्तीसगढ़ की नींव रखी। उन्होंने वर्ष 2024-25 के लिए 01 लाख 47 हजार 500 करोड़ का बजट प्रस्तुत किया। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने विधानसभा में पहली बार पेपरलेस बजट प्रस्तुत करते हुए छत्तीसगढ़ के तीन करोड़ लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि देश 2047 में जब अपनी आजादी के 100 वर्ष पूरा करेगा तब तक छत्तीसगढ़ भी विकसित राज्य बनकर खड़ा होगा, इस विजन को लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं। अपनी बात रखते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन का उदय हो चुका है। वित्त मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने कुशासन के खिलाफ सुशासन पर मुहर लगाकर हमें जनादेश दिया। हमारे सामने चुनौतियां का घना अंधेरा था। प्रशासनिक तंत्र पटरी से उतरा था। हमें खजाना खाली मिला। महिलाएं असुरक्षित थीं। युवा हताश थे लेकिन हम अंधेरों के बीच उजाले की तलाश करने की ताकत रखते हैं।

श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के बजट में जो खास बातें रहीं, जिससे यह बजट अगली पीढ़ी का और अविस्मरणीय बना, वे इस तरह से हैं।

1. *रामराज्य को सुशासन का सबसे बड़ा माडल बताया-* वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के रामराज्य से बड़ा सुशासन का माडल पूरी दुनिया में कहीं नहीं मिलता। तुलसीदास जी ने हमें रामराज्य की अवधारणा बताई है। हम इसी आधार पर काम करेंगे।

2. *मिशन 2047- विकसित छत्तीसगढ़ का लक्ष्य-* वित्त मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश को 2047 में विकसित बनाने का लक्ष्य रखा है। दूसरे राज्यों के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करते हुए भारत को विकसित बनाने के लिए महायज्ञ में छत्तीसगढ़ भी अपनी आहूति देगा और वर्ष 2047 तक हम छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाएंगे।

3. विकसित छत्तीसगढ़ को प्राप्त करने 10 पिलर्स- वित्त मंत्री ने बताया कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने हमने 10 पिलर्स तैयार किये हैं।

इन पिलर्स में पहला पिलर ज्ञान है। यह हमारे आर्थिक विकास का बिन्दु है। ज्ञान अर्थात गरीब, युवा, अन्नदाता तथा नारी शक्ति के विकास पर काम। नेल्सन मंडेला का उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा कि किसी देश को तबाह करने बारूद और मिसाइल की जरूरत नहीं, शिक्षा की गुणवत्ता को खराब करना और परीक्षा में भ्रष्टाचार ही देश को बर्बाद करने पर्याप्त है।

दूसरा पिलर तकनीक आधारित रिफार्म और सुशासन से तीव्र आर्थिक विकास है। इसके अंतर्गत एआई, डेटा एनालिटिक्स आदि को बढ़ावा। इसके लिए छत्तीसगढ़ सेंटर फार स्मार्ट गवर्नेंस की स्थापना। डिजिटल टेक्नालाजी को विभागों में बढ़ावा देने 266 करोड़ रुपए का प्रावधान

तीसरा पिलर अधिकाधिक पूंजीगत व्यय अर्थात कैपेक्स को बढ़ाना है। वित्त मंत्री ने बताया कि पूंजीगत व्यय में 100 रुपए की वृद्धि से जीडीपी में 247 रुपए की वृद्धि होती है।



# छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर हुई रिकॉर्ड धान की खरीदी

रायपुर - छत्तीसगढ़ राज्य में किसानों से बीते 96 दिनों से समर्थन मूल्य पर जारी धान खरीदी का सिलसिला आज थम गया। आज शाम 7 बजे तक की रिपोर्ट के अनुसार समर्थन मूल्य पर 144.92 लाख मीटरिक टन धान की रिकॉर्ड खरीदी हुई है। उपार्जित धान की यह मात्रा बीते खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में क्रय किए गए 107.53 लाख मीटरिक टन से 37.39 लाख मीटरिक टन अधिक है। राज्य में इस साल धान खरीदी का यह नया रिकॉर्ड कायम हुआ है, जबकि अभी अंतिम रिपोर्ट आना बाकी है। यहां यह उल्लेखनीय है कि राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का सिलसिला 01 नवम्बर 2023 से शुरू हुआ था। चालू खरीफ विपणन वर्ष में धान खरीदी की अंतिम तारीख 31 जनवरी निर्धारित थी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने किसानों एवं किसान प्रतिनिधियों की मांग और उनकी परेशानियों को देखते हुए धान खरीदी की अवधि 31 जनवरी से बढ़ाकर 4 फरवरी कर दी थी। इसका फायदा राज्य के ऐसे किसानों को मिला है, जो 31 जनवरी तक कतिपय कारणों से अपना धान नहीं बेच पाए थे। मुख्यमंत्री के इस संवेदनशील फैसले से 19 हजार से अधिक किसान लाभान्वित हुए हैं और उन्होंने एक फरवरी से लेकर 4 फरवरी के मध्य समर्थन मूल्य पर 2.69 लाख टन धान बेचा है। अंतिम रिपोर्ट आने पर किसानों की संख्या और उनके द्वारा बेचे गए धान की मात्रा में और वृद्धि होने की संभावना है।



राज्य में चालू खरीफ विपणन वर्ष में 130 लाख टन धान का उपार्जन अनुमानित था। धान की रिकॉर्ड खरीदी के चलते अनुमानित उपार्जन का आंकड़ा काफी पीछे छूट गया है। इस साल धान बेचने के लिए राज्य के 26.85 लाख किसानों ने अपना पंजीयन कराया था। पंजीकृत धान का रकबा 33.51 लाख हेक्टेयर था। 4 फरवरी शाम सात बजे तक राज्य में 24 लाख 72 हजार 310 किसान समर्थन मूल्य पर 144 लाख 92 हजार टन धान बेच चुके थे। किसानों को धान बेचने के एवज में अब तक 30 हजार 68 करोड़ 81 लाख रूपए का भुगतान किया जा चुका है। राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था के समानांतर कस्टम मिलिंग का काम भी तेजी से जारी है। उपार्जित धान 144.92 लाख टन में से 105.18 लाख टन धान के उठाव का डीओ जारी किया जा चुका है, जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 97.90 लाख टन धान का उठाव किया जा चुका है।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से तिब्बती पार्लियामेंट के दो सांसदों ने की सौजन्य मुलाकात

## छत्तीसगढ़ में रह रहे तिब्बतियों के सहयोग के लिए की सरकार की सराहना



रायपुर - मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज शाम यहां राज्य अतिथि गृह पहुना में छत्तीसगढ़ प्रवास में आए तिब्बती पार्लियामेंट के दो सांसद श्री गेशे नगाबा गांगरी और श्रीमती तेनज़िन चोएज़िन ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान सांसदों ने मुख्यमंत्री श्री साय को तिब्बती धर्म गुरु दलाई लामा की तरफ से सम्मान स्वरूप तिब्बतन स्कार्फ 'खाता' और स्मृति चिन्ह भेंट की।

सांसदों ने मुख्यमंत्री श्री साय को छत्तीसगढ़ में रह रहे तिब्बतियों को सरकार के द्वारा प्रदान किए जा रहे सहयोग की सराहना की। इस दौरान छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व मंत्री श्री चंद्रशेखर साहू भी मौजूद थे। तिब्बती पार्लियामेंट के दो सांसद श्री गेशे नगाबा गांगरी और श्रीमती तेनज़िन चोएज़िन 30 जनवरी से 5 फरवरी तक छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं।



# वार्षिक कैलेंडर और डायरी का हुआ विमोचन

रायपुर। विधानसभा सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विधानसभा परिसर स्थित अपने कक्ष में छत्तीसगढ़ विधान सभा के वर्ष 2024 के वार्षिक कैलेंडर व डायरी का विमोचन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक किरण सिंहदेव और विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा मौजूद रहे।

# किसानों को धान खरीदी के अंतर की राशि जल्द दी जाएगी, अनुपूरक बजट में 12 हजार करोड़ की राशि का प्रावधान

रायपुर। खाद्य मंत्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य में इस वर्ष धान की रिकॉर्ड खरीदी की गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में 145 लाख टन धान की खरीदी की गई है। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य और राज्य सरकार के उपार्जन मूल्य में अंतर की राशि का भुगतान किसानों को शीघ्र करने के लिए कृषक उन्नति योजना के तहत 12 हजार करोड़ की राशि का प्रावधान अनुपूरक बजट में किया गया है। यह राशि जल्द ही किसानों को दी जाएगी।




खाद्य मंत्री श्री बघेल ने कहा कि किसानों के हित में मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा संवेदनशील पहल करते हुए धान खरीदी की तिथि 31 जनवरी को बढ़ाकर 04 फरवरी की गई, जिसके कारण छत्तीसगढ़ के रिकार्ड संख्या में अधिकाधिक किसान अपना धान बेच पाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी की और किसानों के लिए धान का उपार्जन मूल्य 3100 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया।



# वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 13 हजार 487 करोड़ रुपए का तृतीय अनुपूरक अनुमान विधानसभा में ध्वनिमत से पारित

रायपुर । छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 13 हजार 487 करोड़ रुपए का तृतीय अनुपूरक अनुमान ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सोमवार को विधानसभा में तृतीय अनुपूरक अनुमान प्रस्तुत किया था जिसे आज सदन में चर्चा के बाद ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। अनुपूरक अनुमान पारित होने के बाद वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि हमारी सरकार लोगों के लिए समर्पित सरकार है और हमारे बजट में हर वर्ग के उत्थान और समाज के कल्याण की भावना समाहित है। मोदी जी की एक और गारंटी को पूरा करने के लिए तृतीय अनुपूरक अनुमान में राज्य सरकार की महत्वकांक्षी कृषक उन्नति योजना के लिए 12 हजार करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। मोदी जी की गारंटी में किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से खरीदने का वादा किया गया था। वर्तमान में धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर की गई है। कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों को अंतर की राशि का भुगतान जल्द किया जाएगा। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने तृतीय अनुपूरक अनुमान चर्चा पर अपनी बात रखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी को महत्वपूर्ण सुझाव देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की बड़ी महत्वाकांक्षी 'जनमन योजना' के अंतर्गत हमारे विशेष रूप से पिछड़ी जनजाति के लोगों की कनेक्टिविटी के लिए 200 करोड़ का प्रावधान किया गया है तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका के लिए 195 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है। अनुपूरक अनुमान में श्री रामलला (अयोध्या धाम) दर्शन योजना के लिए 15 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।



- **मोदी जी की गारंटी पूरी करने के लिए एक और बड़ी पहल - कृषक उन्नति योजना के लिए 12 हजार करोड़ रूपए का प्रावधान**
- **श्री रामलला (अयोध्या धाम) दर्शन योजना के लिए 15 करोड़ रुपए का प्रावधान**
- **विशेष रूप से पिछड़ी जनजाति के लोगों की कनेक्टिविटी के लिए जनमन योजना में 200 करोड़ रूपए का प्रावधान**

इसी प्रकार बिजली बिल हाफ योजना के लिए 32 करोड़ 32 लाख रूपए, आयुष्मान भारत जन आरोग्य प्रधानमंत्री योजना हेतु 350 करोड़ रूपए, सिम्स में आवश्यक निर्माण कार्य के लिए 15 करोड़ रूपए, नगरीय निकायों में सेंट्रल लाइब्रेरी सह रीडिंग जोन निर्माण के लिए 20 करोड़ रुपए, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए 38 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

# ईपीएफ पर ब्याज दर बढ़कर 8.25% हुई

रायपुर। छ.ग.कमिटी ऑफ नेशनल एंप्लाइयर्स फेडरेशन चेयरमैन प्रदीप टंडन ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए ईपीएफ सदस्यों के लिए ब्याज दर को पिछले वर्ष की तुलना में 8.25 प्रतिशत तक बढ़ाने के केंद्रीय न्यासी बोर्ड, ईपीएफओ के निर्णय का स्वागत किया है, यह निर्णय 10 फरवरी 2024 को आयोजित सीबीडीटी की बैठक में लिया गया, जो भारत सरकार की वित्तीय योजनाओं के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाने के प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण के रूप में श्रमिक वर्ग के सामाजिक कल्याण की दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम है। केंद्र सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजना के लिए ब्याज दर में वृद्धि से लगभग 5 करोड़ कर्मचारियों को लाभ होगा, जिनमें से अधिकतम रोजगार की सबसे लोकप्रिय श्रेणी में हैं। एनईएफ के निदेशक श्री आरके जोशी ने गरीबी रेखा से नीचे के सभी लोगों को एक या अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से कवर करने की सरकार की दूरदर्शी दृष्टि का स्वागत किया, चाहे वे नियोजित हों या स्व-रोजगार वाले, किसान हों, वरिष्ठ नागरिक हों या जरूरतमंद हों।



# रोजाना की आर्थिक जरूरतों का सहारा बनेगी महतारी वंदन योजना-नीता राठौर

**महतारी वंदन योजना को लेकर महिलाओं में जबरदस्त उत्साह**

रायपुर। महतारी वंदन योजना को लेकर प्रदेश की महिलाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। महिलाएं आंगनबाड़ी केंद्रों में बड़ी संख्या में योजना का फॉर्म भरने पहुंच रही हैं। रायगढ़ केलो विहार कालोनी की नीता राठौर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ की महिलाओं से जो वादा किया था, वह अब पूरा होने जा रहा है। महतारी वंदन योजना से हम जैसी विवाहित महिलाओं को अब एक हजार रुपए प्रतिमाह मिलने लगेगा। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना रोजाना की आर्थिक जरूरतों का सहारा बनेगी। बच्चों की ट्यूशन फीस से लेकर राशन, स्वयं के पोषण आहार सहित घरेलू अन्य चीजों के लिए इस राशि से बड़ी मदद मिलेगी। रायगढ़ की श्रीमती दुरपति बरेठ कहती हैं कि सालाना 12 हजार रुपए मिलेंगे। यह हमारी रोज की छोटी मोटी जरूरतों, बच्चों के लिए लगने वाले दवाई, उनकी कापी-पुस्तकों के लिए काफी मददगार साबित होगी। रंजीता प्रधान ने कहा कि महतारी वंदन योजना से मिली राशि से हम अपनी स्वयं की जरूरतें पूरी कर लेंगे। साथ ही अब घर की छोटी-मोटी चीजों के लिए अपने पति को बार-बार बोलना नहीं पड़ेगा। महतारी वंदन योजना से आज हम जैसी महिलाओं में भारी उत्साह है। छत्तीसगढ़ सरकार के मुखिया श्री विष्णु देव साय ने महिलाओं से जो कहा तथा उसे पूरा करके दिखा रहे है। महिलाओं ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया है।



# स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया अम्बेडकर अस्पताल का औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश



रायपुर। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सोमवार को पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर से संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अम्बेडकर अस्पताल के मेडिसिन वार्ड तथा गहन चिकित्सा इकाई (इंटेंसिव केयर यूनिट) का निरीक्षण कर उपचार व्यवस्थाओं का जायजा लिया। श्री जायसवाल ने मेडिसिन वार्ड में भर्ती एवं उपचाररत मरीजों के स्वास्थ्य के संबंध में उनके परिजनों से बातचीत कर उपचार व्यवस्था के संबंध में चर्चा की। स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा के दौरान मेडिसिन वार्ड में भर्ती मरीज के परिजनों ने बताया कि उनका उपचार अस्पताल में बेहतर ढंग से हो रहा है। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री ने अम्बेडकर अस्पताल के गहन चिकित्सा इकाई का निरीक्षण करते हुए वहां भर्ती गंभीर मरीजों के उपचार की जानकारी लेते हुए उन्हें बेहतर से बेहतर उपचार प्रदान करने के लिए यथासंभव हर प्रयत्न करने के निर्देश ड्यूटीरत चिकित्सकों को दिए। क्रिटिकल केयर यूनिट में विगत 28 दिसम्बर से भर्ती एवं गंभीर दुर्घटना के शिकार मरीज के परिजन ने स्वास्थ्य मंत्री को जानकारी दी कि मरीज जिस स्थिति में यहां आया था उसके बाद अब उसमें काफी सुधार हुआ है



# बृजमोहन के पहल पर चार साल से बन्द सड़क से आवाजाही शुरू



रायपुर। शहर के ऐतिहासिक बूढ़ातालाब के जिस परिक्रमा पथ सड़क से आवाजाही बंद कराने में करोड़ों खर्च किये गए थे, उस सड़क को बहाल करने में स्मार्ट सिटी कंपनी ने 85 लाख रुपये खर्च किये।

इसी रोड को डिप्टी सीएम अरुण साव और शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने लोकार्पण किया साथ ही स्वनिधि योजना के व्यक्तिगत व समूह लोन के लिए राशि अंतरण के 15 चेक वितरित किये। इस उपलक्ष्य पर विधायक व स्थानीय जन प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल का संचालन स्कूल शिक्षा विभाग करेगा : बृजमोहन अग्रवाल



छत्तीसगढ़ विधानसभा में स्वामी आत्मानंद स्कूलों में बिगड़ी व्यवस्थाओं, अनियमितताओं और भ्रष्टाचार को लेकर लगे ध्यान आकर्षण प्रस्ताव पर शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपना जवाब पेश किया।पत्रकारों से वार्ता के दौरान श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, स्वामी आत्मानंद पूरे देश में पूजनीय हस्ती हैं। हम सभी के हृदय में उनके लिए सम्मान है। और उनके नाम से खोली गई स्कूलों में बच्चों का भविष्य बनाने की बजाय उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। इन स्कूलों को शिक्षा विभाग से अलग करके कलेक्टर के अधीन दे दिया गया। वहां अव्यवस्थाएं ज्यादा हैं, जिसको देखते हुए सरकार ने कलेक्टर की अध्यक्षता में स्वामी आत्मानंद स्कूलों के लिए बनी समितियों को समाप्त करने का निर्णय लिया है।

अब से स्वामी आत्मानंद स्कूल का संचालन स्कूल शिक्षा विभाग करेगा। इसके साथ ही पहले ये स्कूल जिन महान हस्तियों के नाम से जाने जाते थे। उनका नाम एक बार फिर से स्वामी आत्मानंद से पहले जोड़ा जायेगा।

श्री अग्रवाल ने यह भी कहा कि आत्मानंद स्कूलों को लेकर अगर कोई अनियमितता की शिकायत मिलती है तो उसकी जांच कराई जाएगी।

यह भी कहा कि राज्य में आत्मानंद स्कूल में पुनर्निर्माण और दूसरे मदों में लगभग 800 करोड़ रुपए घोटाले की आशंका है। जहां भी शिकायत प्राप्त होगी उसकी जांच कराई जाएगी अकेले राजधानी रायपुर के आर डी तिवारी स्कूल में लगभग 4.5 करोड रुपए से बिल्डिंग की मरम्मत के लिए खर्च किए गए। जिसमे एक नई बिल्डिंग का निर्माण हो सकता था।

इतना ही नहीं आरडी तिवारी स्कूल में मरम्मत के उपरांत फॉल सीलिंग गिर गई थी जिससे विद्यार्थियों और शिक्षकों में दहशत फैल गई थी।

# स्कूलों में बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी मिले : शिक्षा मंत्री अग्रवाल





रायपुर - स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि स्कूल केवल शिक्षा का केंद्र ही न रहें बल्कि समर्पण और संस्कार के केंद्र भी बने। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की शिक्षा के प्रति सर्वोच्च प्राथमिकता है। बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए राज्य में न्यू एजुकेशन पॉलिसी पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी सत्र से स्कूलों में पहले पीरियड में योग और प्राणायाम के साथ ही नैतिक शिक्षा भी प्रारंभ करने की योजना है। श्री अग्रवाल आज अंबिकापुर में एक निजी स्कूल के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि स्कूलों का उद्देश्य केवल ज्ञान प्रदान करना ही नहीं है, बल्कि छात्रों को जीवन में सफल होने के लिए आवश्यक सभी कौशल प्रदान करना भी है। वर्तमान समय में शिक्षा के साथ हमें व्यवहारिक और तकनीकी ज्ञान में दक्ष होना भी जरूरी है। स्कूली शिक्षा के दौरान ही बच्चों में नैतिक मूल्यों और सामाजिक संस्कारों को सीखते हैं, जो उन्हें बेहतर नागरिक बनाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा का व्यावसायीकरण करने के बजाय हमें प्रतिभाओं को सामने लाने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने स्कूली बच्चों को शिक्षा और उनके बेहतर भविष्य के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अंबिकापुर विधायक श्री राजेश अग्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्कूल प्रबंधन और शिक्षक, स्कूली बच्चे एवं उनके परिजन उपस्थित थे।



# SHORT NEWS



बिलासपुर - जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में कलेक्टर श्री अवनीश शरण ने इत्मीनान से ग्रामीण, किसानों एवं जिले के आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनदर्शन में तकरीबन सवा सौ लोगों ने कलेक्टर से मुलाकात कर समस्याओं के निदान के लिए गुहार लगाई।



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अवसरवादी राजनेताओं के सत्ताधारी दल से जुड़े रहने की इच्छा पर चिंता जताई. उन्होंने कहा कि इस तरह की विचारधारा में गिरावट लोकतंत्र के लिए अच्छी नहीं है. बीजेपी नेता ने कहा कि अपनी विचारधारा पर दृढ़ नेताओं की संख्या धीरे-धीरे कम हो रही है. उन्होंने बिना नाम लिए कहा, मैं हमेशा मजाक में कहता हूं कि चाहे किसी भी पार्टी की सरकार हो, एक बात तय है कि जो अच्छा काम करता है उसे कभी सम्मान नहीं मिलता और जो बुरा काम करता है उसे कभी सजा नहीं मिलती.




वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा है कि डीएमएफ की राशि गाइडलाइन के अनुरूप व्यय की जाए। उन्होंने कहा कि डीएमएफ मद के अंतर्गत जिले में स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य सुविधा सहित आवश्यकतानुसार अधोसंरचना की पूर्ति की जा सकती है। वे आज कोरबा में आयोजित जिला खनिज न्यास संस्थान के शासी परिषद को सम्बोधित कर रहे थे, बैठक में उन्होंने डीएमएफ के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश ।



नारायणपुर स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम में आयोजित किसान मेला में पहुंचे मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जब यहां बच्चों को तीरंदाजी करते हुए देखा, तो उन्हें अपने बचपन की याद आई, जब वे आदिवासी अंचल में तीर चलाया करते थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उत्साहित होकर स्वयं हाथ में तीर धनुष थामा और तीरंदाजी में हाथ आजमाया द्य उन्होंने तीर सटीक निशाने पर लगाए, तो उपस्थित जनों ने तालियों की गड़गड़ाहट से मुख्यमंत्री के अचूक निशाने की प्रशंसा की। रामकृष्ण आश्रम में तीरंदाजी का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले मानुराम उसेण्डी,आयतु पोड़ियाम,ऋषिका ध्रुव तथा अंजलि ध्रुव ने तीरंदाजी के जौहर दिखाए।




शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा पर पूरे छत्तीसगढ़ और देशवासियों के लिए गर्व और आनंद का विषय है। श्रद्धेय आडवानी ने अपना पूरा जीवन राष्ट्रीय एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार का यह निर्णय अभिनंदनीय है।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायगढ़ में शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में स्थापित शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी की प्रतिमा का किया अनावरण। वित्त मंत्री श्री ओ पी चौधरी, शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी की माता श्रीमती आशा त्रिपाठी व पिता श्री सुभाष त्रिपाठी इस दौरान रहे साथ।13 नवंबर 2021 को मणिपुर में आतंकवादी हमले में कर्नल विप्लव त्रिपाठी, उनकी पत्नी श्रीमती अनुजा त्रिपाठी और 6 वर्षीय पुत्र अबीर त्रिपाठी हुए थे शहीद।

### इनकम टैक्स ने पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के घर पर मारा छापा

आयकर विभाग को पूर्व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, उनके करीबी और रियल एस्टेट कारोबारियों के ठिकानों पर 100 करोड़ रुपये की गड़बड़ी मिली है। इसमें जमीन, लेनदेन, प्रॉपर्टी, निवेश और शेयर के दस्तावेज शामिल है। तलाशी के दौरान 50 से ज्यादा इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का बैकअप जांच के लिए जब्त किया गया है। 1


श्रीराम
हम गढ़ते है विश्वास
SUMEET
JEWELLERS
आशीर्वाद हो श्री राम का
विश्वास का स्पर्श हो
हीरे सा चमके आपका जीवन,
स्वर्ण-सा उत्कर्ष हो !
मालवीय रोड, रायपुर । पुलगांव चौक, दुर्ग । गंज रोड, नवापारा राजिम । सुमीत मंडी परिसर, राजनांदगांव

# एसईसीएल को मिले नए निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना)



श्री एन फ्रेंकलिन जयकुमार द्वारा 7 फरवरी को एसईसीएल के निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) का पदभार ग्रहण किया गया। श्री जयकुमार के पदभार ग्रहण करने के अवसर पर एसईसीएल सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा, शीर्ष प्रबंधन, सीवीओ, एसईसीएल संचालन समिति के सदस्यों, कंपनी कल्याण मण्डल के सदस्यों, विभिन्न विभागाध्यक्षों, अधिकारियों-कर्मचारियों ने बधाई व शुभकामनाएँ दी।

एसईसीएल आने से पहले श्री एन. फ्रेंकलिन जयकुमार एनएलसी इंडिया लिमिटेड में कार्यकारी निदेशक - कोयला समन्वय और परियोजना प्रमुख, तालाबीरा II और III ओसीपी, के रूप में कार्यरत थे। उनके पास कोयला उद्योग में भारत एवं विदेश में स्थित विभिन्न सरकारी एवं निजी कंपनियों में कोयला परियोजनाओं के विकास, संचालन एवं प्रबंधन के क्षेत्र काम करने का 31 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव है।

# जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने और प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी पूरा करने वाला बजट : शिक्षा मंत्री अग्रवाल



रायपुर। छत्तीसगढ़ के शिक्षा, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने विधानसभा में प्रस्तुत छत्तीसगढ़ सरकार के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह बजट राज्य की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने वाला तथा यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा राज्य की जनता को दी गई गारंटी को पूरा करने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार ने दो महीने में ही प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम शुरू कर दिया है। इस बजट के जरिए छत्तीसगढ़ केंद्र सरकार के साथ कदम ताल मिला कर चलेगा। यह 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ के सपना को पंख देने वाला बजट है। हमारी सरकार की नजरिया विकास है। जिसमें गरीबों, नौजवानों, किसानों और महिलाओं का बहुमुखी विकास हो। इस बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली पानी सड़क सभी के लिए प्राप्त व्यवस्था की गई है। इस बजट में शिक्षा के क्षेत्र के लिए भी बेहतर प्रावधान है। पंडित रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, सरगुजा विश्वविद्यालय, बस्तर विश्वविद्यालय, नई बिल्डिंग खोलने के लिए, नए स्कूल खोलने के लिए शिक्षा विभाग में पारदर्शिता के लिए कंट्रोल रूम बनाया जाएगा जो विद्यार्थियों के साथ ही शिक्षक और कर्मचारियों की उपस्थिति और व्यय आदि दूसरी जानकारी दर्ज की जाएगी। जिससे कर्मचारी की जवाबदेही तय होगी और सरकारी खजाने की लूट पर रोक लगेगी। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि राज्य में पर्यटन के विकास के लिए बजट में ईको टूरिज्म, वॉटर टूरिज्म और पांचों शक्ति पीठों को जोड़ने के लिए प्रावधान किया गया है।

# महतारी वंदन योजना के लिए फॉर्म भरना हुआ शुरू, महिलाओं में दिख रहा है उत्साह

रायपुर। राज्य शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में महतारी वंदन योजना 1 मार्च 2024 से लागू की जाएगी। आज से राज्य के सभी जिलों में ऑनलाईन फॉर्म एवं ऑफलाईन पंजीयन शुरू हो गया है। महिलाओं में योजना को लेकर जबरदस्त उत्साह दिख रहा है और फॉर्म भर रहे हैं। जिला स्तर पर फॉर्म भरने के लिए कार्यशाला का भी आयोजन किया जा रहा है, ताकि महिलाओं फॉर्म भरने में किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाएं। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 हैं। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिलाएं ऑनलाईन पोर्टल https://www.mahtarivandan.cgstate.gov.in तथा मोबाईल एप के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं।



महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन के संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि महिला के विवाहित होने के संबंध में यदि उनके पास दस्तावेज उपलब्ध न हो तो वह अपना स्वघोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर सकती है। यदि महिला हितग्राही के पास मोबाइल नम्बर नहीं है तो इसके स्थान पर हितग्राही के द्वारा राशन कार्ड की छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर सकती है। गौरतलब है कि महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए विवाहित महिला को विवाह प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, निवास प्रमाण, ग्राम पंचायत या वार्ड पार्षद द्वारा जारी प्रमाण पत्र को शामिल किया गया है। योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय निवासी एवं विवाहित महिला पात्र होंगे। आवेदन के कैलेण्डर वर्ष अर्थात् जिस वर्ष आवेदन किया जा रहा है, उस वर्ष की 1 जनवरी को विवाहित महिला की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिला भी योजना के लिए पात्र होंगी। योजनांतर्गत पात्र महिला को प्रतिमाह 1000 रूपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा।

# शराब दुकानों में निर्धारित सीमा से अधिक मात्रा में शराब खरीदी पर होगी कड़ी कार्यवाही

**शराब विक्रय संबंधी अनियमितताओं तथा अवैध गतिविधियों पर रखी जा रही है निगरानी**

**रायपुर । प्रदेश में आबकारी विभाग द्वारा शराब की विक्रय संबंधी अनियमितताओं तथा अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी के साथ लगातार कार्यवाही भी की जा रही है। सचिव आबकारी सह आयुक्त श्रीमती आर. शंगीता ने प्रदेश में शराब दुकानों का संचालन करने वाली समस्त प्लेसमेंट एजेंसियों की बैठक लेकर शराब दुकानों में शासन द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक मात्रा में शराब बेचने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी है।**



गौरतलब है कि वर्तमान में प्रदेश में राज्य शासन के सार्वजनिक उपक्रम सी.एस.एम.सी.एल. द्वारा प्लेसमेंट एजेंसियों के कर्मचारियों के माध्यम से शराब दुकानों का संचालन कराया जा रहा है। प्लेसमेंट एजेंसियों द्वारा अपने विक्रयकर्ताओं पर भी निगरानी रखी जा रही है, जिससे अब शराब दुकानों से शराब कोचियों को भारी मात्रा में शराब की बिक्री नियंत्रित हुई है।

प्रदेश में संचालित शराब दुकानों से ओव्हर रेटिंग, मिलावट तथा कोचियों को मदिरा की आपूर्ति पर कड़ी कार्यवाही करते हुए इसे रोका जा रहा है। मदिरा दुकानों से ग्राहको को निर्धारित सीमा में ही शराब की बिक्री की जा रही है। कोई भी व्यक्ति इस निर्धारित सीमा से अधिक मात्रा में मदिरा की मांग अथवा किसी भी प्रकार का अपराधिक कृत्य मदिरा दुकान में करता है, तो उसके विरूद्ध भी कड़ी वैधानिक कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार स्थित देशी मदिरा दुकान भाटापारा 01 (सुरखी रोड) के सेल्समैन को स्थानीय शराब कोचिया द्वारा 10 पाव से ज्यादा की देशी शराब की मांग की गई। सेल्समैन द्वारा शराब कोचियो को मना करने पर उसने कर्मचारियों से मारपीट की। मारपीट किए जाने की उक्त घटना 03 फरवरी 2024 को प्रकाश में आयी है। इस संबंध में स्थानीय पुलिस द्वारा पीड़ित सेल्समैन श्री राकेश सिंह ठाकुर के आवेदन पर 03 फरवरी को ही थाना भाटापारा सिटी में भा.दं.सं. की धारा 294, 323, 506 और 34 के तहत अपराध क्रमांक 0062/24 में मामला पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गयी है। थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी सोनू निषाद अवैध शराब बेचने, मारपीट जैसे कई अपराधिक मामलो में आरोपी है और जेल भी जा चुका है। वर्तमान में प्रकरण में विवेचना जारी है।




# नलवा स्टील एन्ड पावर लिमिटेड को मिला ग्रेट प्लेस टू वर्क का प्रमाण पत्र


Great Place To Work®
Certified
FEB 2024-FEB 2025
INDIA

This is to certify that Nalwa Steel & Power Limited has successfully completed the assessment conducted by Great Place To Work®, India, and is certified as a great workplace.
Category: Mid-Size Organizations

This certificate is valid from February 2024 to February 2025.

Yeshasvini Ramaswamy
Chief Executive Officer
Great Place To Work®, India

Note: The certificate is valid subject to the terms and conditions agreed to by the Organization.


रायपुर। स्टील और पावर क्षेत्र में अंचल की अग्रणी उद्योग नलवा स्टील एन्ड पावर लिमिटेड को फरवरी 2024 से फरवरी 2025 की अवधि के लिए ÷कार्य के लिए बेहतरीन स्थल÷ एवम ÷ उत्कृष्ट कार्य संस्कृति÷ के लिए ग्रेट प्लेस टू वर्क प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।

प्रमाण पत्र प्रदान करने वाली संस्था ÷ग्रेट प्लेस टू वर्क÷ का दुनिया में बड़ा नाम है और इसकी बड़ी साख है इसलिए इस प्रमाण पत्र को प्राप्त करना गर्व का विषय माना जाता है। ग्रेट प्लेस टू वर्क प्रमाण पत्र मिलना नलवा स्टील एंड पावर लिमिटेड के उस अटूट प्रतिबद्धता का सबूत है जिसमें प्रत्येक कर्मचारी सतत विकास कर सकता है एवम कंपनी के विकास में सकारात्मक योगदान कर सकता है और साथ ही खुद को पोषित एवं प्रेरित महसूस कर सकता है।

नलवा स्टील एंड पावर लिमिटेड के डायरेक्टर एवं प्लांट हेड श्री एस एस राठी जी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि हमारे मार्गदर्शक श्री नवीन जिंदल जी के मार्गदर्शन में एवम हमारे प्रेरणाश्रोत बाउजी श्री ओपीजिन्दल जी के आशीर्वाद से हमारे लोगों की निष्ठा एवं समर्पण के कारण हमारी असाधारण विकास यात्रा संभव हुई है, हमारा दृढ़ विश्वास है कि नलवा के लिए हमारे दीर्घकालिक विकास के दृष्टिकोण के केंद्र में लोगों को रखकर और सभी के लिए सपनों के कार्य स्थल का निर्माण कर हम अपने व्यवसाय को न सिर्फ नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे बल्कि अपने क्षेत्र के विकास एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन में भी अपनी अग्रणी भूमिका निभाएंगे। नलवा स्टील एंड पावर लिमिटेड अंचल के क्षेत्र के सतत विकास में अपना योगदान बढ़ाने के उद्देश्य से अपने दक्षता एवम क्षमता विस्तार में निरंतर नए आयाम जोड़ रही है।

डायरेक्टर श्री एस एस राठी जी ने सभी को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा की ग्रेट प्लेस टू वर्क प्रमाण पत्र हासिल करना नलवा स्टील एंड पावर लिमिटेड के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है जो अपने कर्मचारीयों को सशक्त बनाता है और इनोवेशन, विकास एवं साझी सफलता को बढ़ावा देता है।





JINDAL
PANTHER
TMT REBARS
SPEED
STRENGTH
FLEXIBILITY
India's First and Largest Producer of Fe 550D TMT Rebars
A PRODUCT OF JINDAL STEEL & POWER LTD.
Contact us: shop.jindalpanther.com | Toll free number: 1800 208 2008






6 फरवरी 2024 को पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा द्वारा रायपुर रेंज रायपुर का पदभार ग्रहण किया गया। इस अवसर पर नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने उनका स्वागत किया।



आईपीएस अजातशत्रु बहादुर सिंह को पुलिस अधीक्षक-एटीएस रायपुर के पद पर पदस्थ किया गया है। ज्ञात हो कि विगत 5 वर्षों से वे बस्तर में पदस्थ थे।



आईपीएस विजय अग्रवाल 6 फरवरी 2024 को सूरजपुर के नए पुलिस अधीक्षक के रूप में पदभार ग्रहण किये। ज्ञात हो कि इससे पहले वे जांजगीर एसपी के रूप में पदस्थ थे।



2018 बैच के आईपीएस आंजनेय वार्ष्णेय को धमतरी जिले का पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ किया गया है। ज्ञात हो की पहले वे रायपुर के सिटी कोतवाली के सीएसपी रहे फिर उन्हें नक्सल आपरेशन बस्तर हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बनाकर पदस्थ किया गया था।

## पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की बैठक ली गई



6 फरवरी को नव नियुक्त पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा सिविल लाईन स्थित सी-4 भवन के सभाकक्ष में रायपुर के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं समस्त थाना प्रभारियों की बैठक ली गई तथा परिचय किया गया। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिसिंग को सख्त करने, सूखे नशे के पदार्थो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने तथा किसी भी सूरत में किसी प्रकार का कोई भी नशे का सामान नहीं बिकने के सख्त निर्देश दिये गये साथ ही नशे के सामग्रियों को पकड़ने के दौरान उसके अंतिम सप्लाई चैन व आरोपियों की तस्दीक करने भी कहा गया। अवैध रूप से शराब की बिक्री/भण्डारण/परिवहन करने वालों पर कार्यवाही कर इसे भी पूर्णतः प्रतिबंधित करने कहा गया।

इसके साथ ही अपने अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों को किस प्रकार से कार्य करना है, कि कार्य योजना तैयार कार्य करने के निर्देश दिये गये। विजिबल पुलिसिंग के तहत प्रत्येक दिवस की संध्या को राजपत्रित अधिकारियों सहित थाना प्रभारियों को अपने-अपने अनुभाग एवं थाना क्षेत्रों में पैदल पेट्रोलिंग कर विजिबल पुलिसिंग करते हुए आमजन के मध्य उपस्थित रहने तथा संदिग्ध व असमाजिक तत्वों की चेकिंग करने कहने के साथ ही थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार की घटना घटित होने पर उस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया।

# बालको के विश ट्री पहल से समुदाय के बच्चों को मिली खुशियां



बालकोनगर । वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने समुदाय में बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए अपने वार्षिक विश ट्री अभियान का सफल आयोजन किया। यह पहल स्थानीय समुदाय के बच्चों की 'उपहार इच्छाओं' को इकट्ठा करके उन्हें बालको के समर्पित कर्मचारी की सेवा भावना द्वारा पूरा किया गया। लगातार तीसरे वर्ष में समुदाय में खुशी को बढ़ावा देने के लिए समर्पित पहल में 16 से अधिक गांवों से सक्रिय भागीदारी देखी गई।

विश ट्री अभियान के तीसरे संस्करण को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। बालको के प्रचालन क्षेत्र के आसपास के समुदाय और गांवों से 400 से अधिक 'उपहार इच्छाओं' को एकत्रित किया गया। 260 से अधिक बालको कर्मचारियों ने स्वेच्छा से आगे आकर देने की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए आगे आये। ये इच्छाएँ मुख्य रूप से 3-10 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की ओर से आई हैं। बच्चों ने अपनी इच्छाओं में पेंसिल बॉक्स, खिलौने कपड़े, स्कूलबैग से लेकर जूते और अन्य ज़रूरी चीजों को शामिल किया। बालको के कर्मचारियों ने व्यक्तिगत रूप से उपहार वितरित करके इन इच्छाओं को पूरा किया और संतुष्टि की भावना का अनुभव किया।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि कंपनी अपने सामुदायिक विकास पहल के माध्यम से अपने स्थानीय समुदाय के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर अटल हैं। बच्चों को हमारे भविष्य के निर्माता के रूप में पहचानते हुए हम उनकी क्षमता के पोषण की महत्वपूर्ण भूमिका को समझते हैं। हमारी पहल परिवर्तन लाने के लक्ष्य के साथ समुदाय के समग्र विकास पर केंद्रित है। सामुदायिक विकास की परिवर्तनकारी दृष्टिकोण को अपनाते हुए हम समुदायों के उत्थान और सशक्तीकरण की दिशा में सक्रिय रूप से काम करते हैं। विभिन्न पहल के माध्यम से बालको अपने कर्मचारियों के सहयोग से 'समाज को वापस लौटाने की संस्कृति' को भी बढ़ावा दे रहा है जिसकी मदद से हम विश ट्री अभियान सफल हुआ है। चुईया गांव के सरपंच शिवराज सिंह राठिया ने विश ट्री पहल की सराहना करते हुए कहा कि बालको अपने सामुदायिक कार्यों द्वारा समुदाय को खुद से जोड़ा है। बालको की पहल से हमारे समुदाय के बच्चों को सशक्त बनने का अवसर मिला है। इस अभियान के माध्यम से उनके विश पूरे हुए और उन्हें प्रोत्साहित भी किया गया। युवाओं के उतरोत्तर प्रगति में बालको ने अपनी दृष्टिकोण को मजबूती प्रदान करते हुए समुदाय में सकारात्मक प्रभाव पैदा कर रही है। 'विश ट्री' पहल के अलावा बालको अपने विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से समुदाय के बच्चों के समग्र विकास हेतु सक्रियता से योगदान दे रहा है। ग्रीष्मकालीन तथा शीतकालीन कैम्प और विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से बालको कर्मचारियों ने बच्चों के कौशल एवं व्यक्तित्व विकास के अवसरों को सुगम बनाया है। साल भर बालको कर्मचारी प्रोजेक्ट कनेक्ट के तहत सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए सहायता कक्षाएं संचालित करते हैं। परियोजना मुख्य रूप से बालको कर्मचारियों तथा स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से छात्रों के ग्रेड में सुधार, शिक्षकों की क्षमता निर्माण और करियर परामर्श के लिए एक सक्षम वातावरण बनाकर सरकारी स्कूलों में सीखने के माहौल में सुधार लाने पर केंद्रित है।

बालको अपने सामुदायिक विकास कार्यों द्वारा क्षेत्र के 123 गांवों के लगभग 1.5 लाख लोगों के जीवन में बदलाव ला रहा है।









पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह एवं कलेक्टर गौरव सिंह ठाकुर के द्वारा रायपुर के कोतवाली अनुभाग के गुण्डा बदमाशों की परेड लेकर दी गई समझाईश व चेतावनी।190 से अधिक गुण्डा बदमाशों को तलब कर दी गई समझाईश।




थाना टिकरापारा-रायपुर । थाना टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत भाठागांव स्थित नया बस स्टैण्ड में 12.942 किलो गांजा के साथ आरोपी रितिक बंजारा को रंगे हाथों पकड़ा गया और नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।



ट्रैफिक पुलिस न्यूज़ - नये पुलिस कप्तान व नये आई.जी. के आते ही एक्शन में ट्रैफिक पुलिस।बिना हेलमेट व बिना सीट बेल्ट के 600 से अधिक वाहन चालकों का काटा गया चालान। विगत तीन दिन में शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 23 वाहन चालकों का वाहन जप्त कर न्यायालय पेश किया गया।

**थाना तेलीबांधा**

रायपुर। थाना तेलीबांधा क्षेत्र स्थित हाईपर क्लब के पार्किंग ग्राउंड में रात लगभग 11.30 बजे विकास अग्रवाल निवासी गुढ़ियारी रायपुर तथा रोहित तोमर निवासी भाटागांव के बीच किसी युवती से पुराने प्रेम संबंध की बात को ले कर वाद विवाद प्रारंभ हुआ जिसमे रोहित तोमर तैश में आ कर विकास अग्रवाल पर हमला करते हुए उसके गाड़ी में तोड़ फोड़ कर हमला कर दिया इसी दौरान विकास अग्रवाल ने भी रोहित तोमर के ऊपर अपनी लाइसेंसी पिस्टल से फायर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायपुर लखन पटले के साथ नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाइन मनोज ध्रुव, सीएसपी क्राईम दिनेश सिन्हा तथा थाना तेलीबांधा और एसीसीयू की टीम घटना स्थल पर पहुंची तथा दोनो आरोपियों को हिरासत में लेकर थाना पहुंची ।




**थाना उरला,**

रायपुर। थाना उरला अंतर्गत जुआ खेलते 7 जुआरी को पुलिस ने नगदी रकम 49,900/- के साथ गिरफ्तार किया।



रायपुर । इंश्योरेंस पॉलिसी वेरीफिकेशन एवं ज्यादा क्लेम दिलाने के नाम से देशभर में ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 14 आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार। एक सप्ताह से अधिक समय तक लगातार दिल्ली में कैम्प कर गिरोह को पकड़ने में मिली सफलता। आरोपी के विरूद्ध थाना टिकरापारा में अपराध क्रमांक 75/24 धारा 420, 467, 468, 34 भादवि. का अपराध किया गया है पंजीबद्ध।






# भगवान गणेश-तुलसी और दूर्वा की कथा

हिन्दू धर्म ग्रंथों के अनुसार भगवान गणेश को भगवान श्री कृष्ण का अवतार बताया गया है और भगवान श्री कृष्ण स्वयं भगवान विष्णु के अवतार है। लेकिन जो तुलसी भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय है, इतनी प्रिय की भगवान विष्णु के ही एक रूप शालिग्राम का विवाह तक तुलसी से होता है वही तुलसी भगवान गणेश को अप्रिय है, इतनी अप्रिय की भगवान गणेश के पूजन में इसका प्रयोग वर्जित है। पर ऐसा क्यों है इसके सम्बन्ध में एक पौराणिक कथा है।

एक बार श्री गणेश गंगा किनारे तप कर रहे थे। इसी कालावधि में धर्मात्मज की नवयौवना कन्या तुलसी ने विवाह की इच्छा लेकर तीर्थ यात्रा पर प्रस्थान किया। देवी तुलसी सभी तीर्थस्थलों का भ्रमण करते हुए गंगा के तट पर पंहुची। गंगा तट पर देवी तुलसी ने युवा तरुण गणेश जी को देखा जो तपस्या में विलीन थे। शास्त्रों के अनुसार तपस्या में विलीन गणेश जी रत्न जटित सिंहासन पर विराजमान थे। उनके समस्त अंगों पर चंदन लगा हुआ था। उनके गले में पारिजात पुष्पों के साथ स्वर्ण-मणि रत्नों के अनेक हार पड़े थे। उनके कमर में अत्यन्त कोमल रेशम का पीताम्बर लिपटा हुआ था।

तुलसी श्री गणेश के रुप पर मोहित हो गई और उनके मन में गणेश से विवाह करने की इच्छा जाग्रत हुई। तुलसी ने विवाह की इच्छा से उनका ध्यान भंग किया। तब भगवान श्री गणेश ने तुलसी द्वारा तप भंग करने को अशुभ बताया और तुलसी की मंशा जानकर स्वयं को ब्रह्मचारी बताकर उसके विवाह प्रस्ताव को नकार दिया।

श्री गणेश द्वारा अपने विवाह प्रस्ताव को अस्वीकार कर देने से देवी तुलसी बहुत दुखी हुई और आवेश में आकर उन्होंने श्री गणेश के दो विवाह होने का शाप दे दिया। इस पर श्री गणेश ने भी तुलसी को शाप दे दिया कि तुम्हारा विवाह एक असुर से होगा। एक राक्षस की पत्नी होने का शाप सुनकर तुलसी ने श्री गणेश से माफी मांगी। तब श्री गणेश ने तुलसी से कहा कि तुम्हारा विवाह शंखचूर्ण राक्षस से होगा। किंतु फिर तुम भगवान विष्णु और श्रीकृष्ण को प्रिय होने के साथ ही कलयुग में जगत के लिए जीवन और मोक्ष देने वाली होगी। पर मेरी पूजा में तुलसी चढ़ाना शुभ नहीं माना जाएगा।

तब से ही भगवान श्री गणेश जी की पूजा में तुलसी वर्जित मानी जाती है।



### गणेश जी और दूर्वा की कथा

हम सभी यह जानते हैं कि श्री गणेश को दूर्वा बहुत प्रिय है। दूर्वा को दूब भी कहा जाता है। यह एक प्रकार की घास होती है, जो सिर्फ गणेश पूजन में ही उपयोग में लाई जाती है। आखिर श्री गणेश को क्यों इतनी प्रिय है दूर्वा? इसके पीछे क्या कहानी है? क्यों इसकी 21 गांठे ही श्री गणेश को चढ़ाई जाती है? एक पौराणिक कथा के अनुसार प्राचीनकाल में अनलासुर नाम का एक दैत्य था, उसके कोप से स्वर्ग और धरती पर त्राहि-त्राहि मची हुई थी। अनलासुर एक ऐसा दैत्य था, जो मुनि-ऋषियों और साधारण मनुष्यों को जिंदा निगल जाता था। इस दैत्य के अत्याचारों से त्रस्त होकर इंद्र सहित सभी देवी-देवता, ऋषि-मुनि भगवान महादेव से प्रार्थना करने जा पहुंचे और सभी ने महादेव से यह प्रार्थना की कि वे अनलासुर के आतंक का खात्मा करें। तब महादेव ने समस्त देवी-देवताओं तथा ऋषि-मुनियों की प्रार्थना सुनकर, उनसे कहा कि दैत्य अनलासुर का नाश केवल श्री गणेश ही कर सकते हैं। फिर सबकी प्रार्थना पर श्री गणेश ने अनलासुर को निगल लिया, तब उनके पेट में बहुत जलन होने लगी। इस परेशानी से निपटने के लिए कई प्रकार के उपाय करने के बाद भी जब गणेशजी के पेट की जलन शांत नहीं हुई, तब कश्यप ऋषि ने दूर्वा की 21 गांठें बनाकर श्री गणेश को खाने को दीं। यह दूर्वा श्री गणेशजी ने ग्रहण की, तब कहीं जाकर उनके पेट की जलन शांत हुई। ऐसा माना जाता है कि श्री गणेश को दूर्वा चढ़ाने की परंपरा तभी से आरंभ हुई।









# सिंदूर से लेकर बिंदी और लहंगे तक जानिए लाल रंग का भारतीय दुल्हनों से क्या है संबंध?

हर धर्म के शादी से जुड़े अपने रीति-रिवाज और मान्यताएं होती हैं। दुनिया भर में शादी की परंपराओं में रंग आम तौर पर महत्वपूर्ण होता है और वे अक्सर धर्म से प्रभावित होते हैं। जहां एक तरफ इंग्लैंड में दुल्हन आमतौर पर शादी के दिन सफेद रंग की ड्रेस पहनती है। बता दें कि सफेद रंग को पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। जबकि लाल रंग को शैतान के साथ जुड़ा हुआ माना जाता है। वहीं दूसरी तरफ भारतीय संस्कृति में लाल रंग का महत्व बेहद ज्यादा है, जो हिंदू मान्यताओं से प्रभावित है और शादियों में आमतौर पर दुल्हनें लाल रंग की ही चीजें पहनती हैं।

इसके साथ ही यह कहना गलत नहीं होगा कि भारतीय शादियों के रीति-रिवाज बेहद अनोखे होते हैं। हर रस्म का अपना महत्व होता है। अक्सर आपने शादी के दिन दुल्हन से लेकर दूल्हे तक को लाल रंग के कपड़ों में देखा होगा। दूसरे शब्दों में कहें तो मानों लाल रंग और भारतीय दुल्हनों का खास संबंध है। लाल रंग को शुभ माना जाता है, यह खुशहाल जीवन का एक रंग है, नए जीवन का रंग है।



**लाल रंग का महत्व**-हर रंग का एक अलग महत्व होता है और रंग आपके जीवन के किसी न किसी पहलू को दर्शाते हैं। इसलिए हिंदू धर्म में रंगों का बेहद महत्व है। लाल रंग को लोग अक्सर प्यार और जुनून से जोड़ते हैं और भारतीय संस्कृति के अनुसार लाल रंग को उगते सूरज से जोड़ा जाता है। इसके अलावा ज्योतिषशास्त्र के अनुसार मंगल का रंग भी लाल होता है, जिसे विवाह का प्रभारी माना जाता है। यही कारण है कि हिंदू शादियों में ज्यादातर दुल्हनें लाल रंग से संबंधित चीजें पहनती हैं। इसके साथ ही लाल रंग को समृद्धि का भी प्रतीक माना जाता है।

**संस्कृति से भी है संबंध** - हिंदू धर्म में लाल रंग को लक्ष्मी जी का प्रतीक माना जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि लक्ष्मी जी लाल अवतार में सिंदूर, बिंदी और चूड़ी पहनें नजर आती हैं। लक्ष्मी जी विष्णु भगवान की पत्नी है और वह हमेशा उनकी रक्षा करती हैं। इसी प्रकार माना जाता है कि एक दुल्हन भी अपने पति की हर बुरी-बला से रक्षा करती है।

**लाल रंग की मान्यता** - इस बात से तो हम सभी वाकिफ हैं कि भारतीय शादी के फंक्शन कई दिनों तक चलते हैं। मेंहदी सेरेमनी से लेकर हल्दी तक सारी रस्में निभाई जाती हैं और हर रस्म का अपना महत्व होता है। लेकिन इन सभी रस्मों में एक बात जो सामान्य होती है वह यह है कि आपको लाल रंग विभिन्न रूपों में दिखाई देगा। किसी भी शादीशुदा महिला की साड़ी से लेकर चूड़ियों तक का रंग लाल ही होता है।

माना जाता है कि लाल रंग सभी बुराईयों से बचाता है और घर में समृद्धि लाता है। इसके अलावा शादी का सबसे खुशनुमा पल जब दूल्हा और दुल्हन एक होते हैं और इस अवसर पर दुल्हनें लाल रंग का जोड़ा पहनती हैं वहीं दूल्हा भी लाल रंग के कपड़े पहनता है, ऐसा इसलिए क्योंकि लाल रंग दूल्हा और दुल्हन की ताकत और उमंग को दर्शाता है।

**सोलह श्रृंगार** - हिंदू धर्म में सोलह श्रृंगार बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। सोलह श्रृंगार में बिंदी, चूड़ी, मेंहदी, पायल, काजल और कई अन्य चीजें शामिल होती हैं और अगर आप गौर करेंगी तो आपको पता चलेगा कि इनमेंसे ज्यादातर चीजों का रंग लाल ही है। इसके साथ ही लाल रंग को मां दुर्गा का प्रतीक माना जाता है, जो बुराईयों का नाश कर समृद्धि लाती हैं। इसलिए घर में सुख और समृद्धि लाने के लिए महिलाएं सोलह श्रृंगार करती हैं।

# ऑफ शॉल्डर ब्लाउज के साथ पहनें फ्लोरल साड़ी, गर्मी में मिलेगा कूल लुक




गर्मियों का मौसम आ चुका है ऐसे में कड़ाके की गर्मी में भारी साड़ी या ओवर वेट साड़ी पहनना बेहद मुस्किल है। इस साल गर्मियों में फ्लोरल आउटफिट्स ट्रेंड में रहेंगे। जहां तक रंगों का सवाल है तो लाइट शेड्स खासकर पीच, कोरल, ऑलिवग्रीन और लेमनग्रीन कलर्स हर वर्ग को लुभाएंगे। वहीं ऑफ शोल्डर ब्लाउज के साथ फ्लोरल साड़ियों में किसी की भी उपस्थिति इतनी दिलकश लगती हैं कि सबकी निगाह पहनने वाले पर ठहर जाती है। इनकी खासियत है कि इन्हें दोपहर के फंक्शन से लेकर रात की पार्टीज तक में कैरी किया जा सकता है। क्योंकि गर्मियों में भी यह आपको कुल और स्मार्ट लुक देता है। साथ ही इन फ्लोरल साड़ियों का फैब्रिक भी आपको गर्मियों में कुल रखेगा।

अक्सर लोग गर्मियों के मौसम में कपड़ों की उलझन में फंस जाते है क्या पहने क्या ना पहने ऐसे में हल्के कपड़े ज्यादा आरामदायक होते है जैसे महिलाओं के लिए ऑफ शोल्डर ब्लाउज और फ्लोरल साड़ी जोकि आपको गर्मियों में भी कुल लुक देगा वहीं स्मार्टनेस भी बरकरार रहेगी जिससे लोगों की निगाहें आप पर टिकी रहेगी। अगर आप ऑफ शोल्डर ब्लाउज में ब्लैक और व्हाइट कलर चॉइस करें तो यह कलर किसी भी फ्लोरल साड़ी के साथ मैच करेगा और आपको एक कंप्लीट लुक देगा। गर्मियों के सीजन में किसी भी फंक्शन में ऑफ व्हाइट बेस पर बड़े फ्लोरल प्रिंट या मोटिफ वाली साड़ी ट्राय करें और रात के सेलिब्रेशन के लिए डार्क फ्लोरल साड़ी चुनें। ये ऐसा स्टाइल है जो हमेशा तारीफ दिलाएगा।

## दूल्हा दुल्हन ने वेडिंग शूट में दिए ऐसे मजेदार पोज



सोशल मीडिया पर अक्सर शादी समारोह से जुड़े वीडियोज वायरल होते रहते हैं. इनमें से कुछ दिल को छू जाते हैं, तो कुछ हैरान कर देते हैं. अक्सर शादी से पहले ज्यादातर कपल प्री-वेडिंग शूट करवाना पसंद करते हैं. हाल ही में एक ऐसा ही प्री-वेडिंग शूट का वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहा है, जिसमें दूल्हा-दुल्हन फिल्मी अंदाज में पोज देते नजर आ रहे हैं। वायरल हो रहे शादी के इस प्री-वेडिंग शूट के वीडियो में फोटोग्राफर दूल्हा-दुल्हन को नए-नए स्टाइल में पोज बता रहा हैं, जिसे दूल्हा-दुल्हन फॉलो करते नजर आ रहे हैं.

# ये हैं डेली स्किन केयर रूटीन के 5 जरूरी स्टेप्स

खूबसूरत त्वचा हमारी पर्सनैलिटी पर चार चांद लगा देती है, साथ ही हमारे कॉन्फिडेंस लेवल को भी बढ़ाती है। ऐसे में महिलाएं अपनी सुदंरता को बरकरार रखने के लिए कई उपाय आजमाती हैं। साथ ही महंगे स्किन केयर और ब्यूटी प्रोडक्ट्स का भी इस्तेमाल करती हैं। लेकिन आप चाहें तो सिर्फ 5 स्टेप्स को फॉलो करके भी अपनी त्वचा को खूबसूरत बनाए रख सकती हैं।

**त्वचा की देखभाल कैसे करें?**

त्वचा की देखभाल करके भी आप अपनी खूबसूरती को बरकरार रख सकती हैं। इसके लिए आपको रेगुलर क्लींजिंग, टोनिंग और मॉश्यराइजिंग करने की जरूरत होती है। साथ ही त्वचा को हाइड्रेटेड रखना भी जरूरी होता है।

**स्टेप 1 : क्लींजिंग जरूर करें :**

स्किन केयर रूटीन का पहला स्टेप क्लींजिंग करना होता है। क्लींजिंग करने से चेहरे पर जमा सारा डर्ट आसानी से निकल जाता है। त्वचा क्लीन होती है। इसके लिए आप किसी अच्छे हाइड्रेटिंग क्लींजर का इस्तेमाल कर सकती हैं। आप चाहें तो नैचुरल क्लींजर यानी दूध, गुलाब जल का भी यूज कर सकती हैं। आपको दिन में 2 बार चेहरे की क्लींजिंग जरूर करनी चाहिए। आप चाहें तो चेहरे की गंदगी निकालने के लिए फेस वॉश का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। इसके लिए सोप फ्री फेस वॉश बेहतर होता है।

**स्टेप 2: टोनिंग भी है जरूरी:** स्किन केयर रूटीन का दूसरा जरूरी स्टेप चेहरे की टोनिंग करना चाहिए। इसके लिए आपको एल्कोहल फ्री टोनर का इस्तेमाल करना चाहिए। दरअसल, चेहरे को धोने के बाद त्वचा का पीएच लेवल गड़बड़ा जाता है। टोनर स्किन के पीएच लेवल को बैलेंस रखता है। टोनर रोमछिद्रों की गहराई में जमा गंदगी और ऑयल को निकालने में भी मदद करता है। टोनर त्वचा को साफ करने, पोर्स को बंद करने में मदद करता है। इसलिए आपको इसे अपने स्किन केयर रूटीन में टोनिंग के स्टेप को जरूर शामिल करना चाहिए।

**स्टेप 3: मॉयश्चराइजिंग से त्वचा में आएगी नमी-** क्लींजिंग और टोनिंग करने के बाद त्वचा को मॉयश्चराइज करना जरूरी होता है। मॉयश्चराइज करने से स्किन में नमी बनी रहती है। ऑयली, ड्राय और सेंसिटिव सभी टाइप की स्किन को मॉयश्चराइज करना जरूरी होता है। मॉयश्चराइज करने से त्वचा हमेशा हाइड्रेट रहती है, त्वचा में नमी बनी रहती है और फाइन लाइंस की समस्या भी नहीं होती है। इसलिए आपको अपनी स्किन टाइप के अनुसार मॉयश्चराइज का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। सेंसिटिव स्किन वालों को एल्कोहल, पैराबेन और सल्फेट फ्री मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए।

Symbol of Trust
dt®
Since 1957



AARTI GROUP
'ASHOKA' SINCE 1991
MAKING LIFE BETTER

MAHENDRA




# भारत की सबसे खूबसूरत IPS नवजोत सिमी की सक्सेस स्टोरी

**2019** सिविल सेवा का रिजल्ट घोषित हुआ तो इसमें एक नाम चौंकाने वाला था। यह नाम था 93वीं रैंक पाने वाली ऐश्वर्या श्योरण का। चौंकने की वजह यह थी कि ऐश्वर्या ने माडलिंग से ब्रेक लेकर यूपीएससी का एग्जाम क्रैक किया। ऐश्वर्या श्योरण राजस्थान के चूरू जिले के राजगढ़ ब्लाक की रहने वाली हैं। ऐश्वर्या आर्मी अधिकारी की बेटी हैं। ऐश्वर्या दिखने में किसी सुंदरी से कम नहीं लगती हैं। उनकी खूबसूरती के चर्चे हर यूपीएससी एस्पिरंट्स में है। ऐश्वर्या पहली युवती नहीं है जिन्होंने यूपीएससी क्लियर करने के बाद उनके रूप के चर्चे हैं। उनसे पहले सिमी नवजोत नाम की युवती ने फिल्मों या माडलिंग में करियर बनाने के बजाय प्रशासनिक सेवा को प्राथमिकता दी। आइये सिमी नवजोत के बारे में विस्तार से जानते हैं।

सिमी नवजोत बिहार कैडर की साल 2017 बैच की आईपीएस अधिकारी हैं। सिमी पंजाब के गुरदासपुर की रहने वाली हैं। उनका जन्म दिसंबर 1987 में हुआ था। सिमी अपनी कार्यशैली और लुक्स की वजह से सोशल मीडिया में चर्चा का विषय रहती हैं।

सिमी जितनी खूबसूरत हैं उससे कहीं ज्यादा दिमाग से तेज हैं। यूपीएससी क्लियर करने से पहले वह पंजाब सिविल सर्विसेज की परीक्षा पास कर चुकी थी। उनका सपना आईपीएस बनने का था। अपने पहले प्रयास में इंटरव्यू में छट



गई। लेकिन जब दूसरी बार प्रयास किया तो वह आईपीएस बन गयी।

सिमी नवजोत ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा पंजाब के पाखोवाल के पंजाब पब्लिक स्कूल से की। जुलाई 2010 में सिमी ने बाबा जसवंत सिंह डेंटल कालेज, हॉस्पिटल और अनुसंधान संसथान, लुधियाना से बैचलर ऑफ़ डेंटल सर्जरी (बीडीएस) की डिग्री प्राप्त की। सिमी ने यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी नई दिल्ली के वाजीराज कोचिंग संस्थान से की।

इतनी ज्यादा सुंदर होने के कारण सिमी के लव इंटरेस्ट के बारे में सबकी निगाह रहती थी। वह पश्चिम बंगाल के वर्ष 2015 बैच के आईएएस तुषार सिंगला के प्यार में गिरी। सिमी ने तुषार के साथ एक साल डेटिंग करने के बाद 2020 में वेलेंटाइन के दिन शादी की। यह शादी लव मैरिज थी। तुषार भी पंजाब के रहने वाले हैं।

दोनों प्रशासनिक सेवा में होने के कारण शादी के लिए समय नहीं निकाल पा रहे थे। जब दोनों की शादी हुई तो उस समय सिमी बिहार में एसीपी के रूप में कार्यरत थीऔर तुषार बंगाल के हावड़ा में एसडीओ के रूप में तैनात थे।


# लड़कियों की शर्ट में जेब क्यों नहीं होती, वजह कर देगी आपको हैरान



आज के समय में फैशन समय समय पर बदलता रहता है। लड़कियों के परिधान आज के दौर में जींस, टीशर्ट, शर्ट, पैंट, ट्राउज़र आदि भी शामिल हो गए हैं। पहले सिर्फ सलवार सूट, साड़ी तक ही सीमित थे। आज के इस समय में लड़के से लड़कियों के परिधानों में ज्यादा फर्क नहीं है। महिलाओं की शर्ट में जेब नहीं होती। पुरुषों की शर्ट में जेब होती है। लेकिन कभी अपने सोचा कि ऐसा क्यों है कि महिलाओ की शर्ट में जेब क्यों नहीं होती।

करीब 95 प्रतिशत कपड़ों में आप अगर महिलाओं के शर्ट या किसी भी कपडे को देखेंगे तो आपको जेब नहीं मिलेगी और कुछ में मिलेगी तो वो भी एक अपवाद है।

लड़कियों की शर्ट में जेब इसके पीछे एक कारण यह था कि अगर महिलाओं के कपड़ों में जेब होगी, तो वे अपनी जेब में कुछ न कुछ तो जरूर रखेंगी। इसलिए उनके शरीर की बनावट बिगड़ जाएगी और शरीर में उभार दिखाई देगाए जिससे उनके शरीर की सुंदरता कम हो जाएगी। इसलिए शर्ट में जेब नहीं होती थी।




# अंकिता लोखंडे ने रिवीलिंग बैकलेस गाउन में दिखाया किलर अंदाज



एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे बिग बॉस 17 के खत्म होने के बाद से ही लगातार सुर्खियां बटोर रही हैं. बेशक अंकिता शो की ट्रॉफी अपने नाम न कर पाई हों, लेकिन उन्होंने देशभर के कई लोगों का दिल जरूर जीता. इन दिनों एक्ट्रेस लगातार पार्टीज कर रही हैं. वहीं, उनके कई स्टाइलिश लुक्स भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं. इसी बीच अब अंकिता ने फिर से अपने चाहने वालों के दिलों की धड़कनें बढ़ाते हुए अपनी कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं.

अंकिता ने कुछ देर पहले ही अपना नया लुक शेयर किया है. इसमें वह इलैक्टिंग ब्लू शेड का बैकलेस थाई हाई स्लिट रिवीलिंग गाउन पहने हुए नजर आ रही हैं.

अंकिता ने अपने इस लुक को सटल शिमरी बेस, न्यूड शाइनी लिस्ट और स्मोकी आई मेकअप से कंप्लीट किया है. इसके साथ उन्होंने बालों को ओपन रखा है. एक्ट्रेस इन फोटोज में बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश दिख रही हैं.

इस आउटफिट के साथ अंकिता ने एक्सेसरीज के तौर पर कानों में डायमंड ईयररिंग्स पहने हैं. एक्ट्रेस ने अपने इस किलर लुक को कैमरे के सामने खूब फ्लॉन्ट करते हुए पोज दिए हैं. अब फैंस की नजरें उनके इस ग्लैमरस लुक पर टिकी रह गई हैं. कुछ मिनटों में ही अंकिता के लुक पर हजारों लाइक्स आ चुके हैं, जो तेजी से बढ़ते ही जा रहे हैं. बता दें कि अंकिता इस लुक में बिग बॉस की रीयूनियन पार्टी में शरीक होने के लिए पहुंची थीं, जहां उन्होंने जमकर मस्ती की.

दूसरी ओर अंकिता के वर्क फ्रंट की बात करें तो बिग बॉस 17 से बाहर आने के बाद उनकी किस्मत चमक उठी हैं. दरअसल, एक्ट्रेस को जल्द ही फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर में यमुनाबाई का किरदार निभाने हुए देखा जाने वाला है.













UEM
श्रद्धावान लभते ज्ञानम्
UNIVERSITY OF ENGINEERING & MANAGEMENT
Good Education, Good Jobs

# career

IEM
श्रद्धावान लभते ज्ञानम्
INSTITUTE OF ENGINEERING & MANAGEMENT
Good Education, Good Jobs



# WHICH SPECIALIZATION IS BEST IN MBA FOR FUTURE?

**1. Which specialization is best in MBA for future?**

Traditionally, finance, marketing, HR, operations, and entrepreneurship are some of the most sought-after and the best MBA specializations and are considered safest by many students.

**2. Which MBA specialization has the best placement?**

Top 10 MBA Specialisations in 2023 :

1) Finance Management.
2) Marketing Management.
3) Human Resource Management.
4) Business Analytics.
5) IT Management.
6) Healthcare Management.
**7) Logistics and Supply Chain Management.**
8) Operations Management.

3. Which MBA is highest in demand?

Most in-demand MBA specializations in 2023 :

MBA in Human Resource Management (HRM)
MBA in Operations Management.
MBA in International Business.
MBA in Healthcare Management.
MBA in Marketing.
MBA in Finance.
MBA in Project Management.
MBA in Supply Chain Management.

**4. How To Choose an MBA Specialisation ?**

How to Choose an MBA Specialisation?

Career scope of the specialisation/ placements/ internship opportunities.

Long term career goal.

Reputation of the institute faculty in the specialisation of your choice.

Pedagogy of the specialisation of your choice.

Infrastructure of the college for specialisation of your choice.

**5. Which is better MBA in Finance or HR?**

If numbers and analytical skills are your things, you should be inclined more toward MBA in Finance. If interpersonal and communication skills are your strong suit then HR would be a better fit for you. Secondly, you should ask yourself what your career aspirations are.

**6. Which is the best MBA to become a CEO?**

A general MBA from a renowned business school is a good path to take for aspiring CEOs. However, if you already have a well-rounded business education, earning an MBA in finance or another relevant discipline could also be an effective approach.

**7. Which is the toughest field in MBA?**

MBA in Operations Management : Operations Management is concerned with planning, organizing, and supervising the design, development, and delivery of products and services. MBA in operations management is also one of the most demanding specialization in MBA.

**8. Which MBA course is best for govt jobs?**

Top MBA Specializations that are in demand for Government Jobs are Finance and Marketing. What are the specializations available in MBA? There are a number of specializations available in MBA. A few of them are Finance, Marketing, Accountancy, and Human Resource Management.

**9. Can I do two specializations in MBA?**

Answer: An MBA program with a dual specialization offers students the option of pursing a concentration in two discrete areas of business administration, which may include accounting, business technologies, communications, economics, entrepreneurship, finance, marketing, operations management, organizational leadership.

**10. Why HR is better than marketing?**

The critical difference will be that HR focuses on the internal audience, or employees, while Marketing focuses on external stakeholders like clients, media, and competitors.

**11. Which MBA is best regular or executive?**

The main cited difference between an MBA and an Executive MBA is the level of immersion in the graduate school experience and the customization of classes towards a more experienced group of individuals. Full-time MBA students have full-day, intensive schedules, making it tough to maintain a job outside the program.



# 34 YEARS OF EDUCATIONAL EXCELLENCE

# IEM KOLKATA

APPROVED BY AICTE & RECOGNIZED BY UGC

New Town, Kolkata | Sikar Road, Jaipur | Salt Lake Kolkata

## INSTITUTE OF ENGINEERING & MANAGEMENT, KOLKATA

## BEST ENGINEERING COLLEGE IN PLACEMENTS

**NAAC**

"A" GRADE INSTITUTE

### AFFILIATION & ACCREDITATION

### PROGRAMME OFFERED

**B.TECH, BBA, BCA, BBA-LLB, BHM, BPT, M.TECH, MBA, MCA, M.SC, MPT, PH.D**

### OUR RECRUITERS

IEM & UEM STUDENTS ACHIEVED EXCELLENT PLACEMENT

Highest Package: **₹ 72 Lakhs**

Average Package: ₹ 8.83 Lakhs


Total number of companies: 230+

Admission Helpline **8010700500**

Scan the QR code and visit our website www.iem.edu.in

'ASHRAM', GN-34/2, Salt Lake Electronics Complex, Kolkata - 700091

R.O.-12715/18



छत्तीसगढ़ शासन
!! रामो विग्रहवान् धर्मः !!
भगवान श्री राम के ननिहाल और
माता शबरी की भूमि छत्तीसगढ़ से अयोध्या में
श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा
महोत्सव की अनंत शुभकामनाएँ...
वनवासी माता शबरी और
भगवान श्री राम के अगाध प्रेम की
साक्षी छत्तीसगढ़ की भूमि ...
भगवान
श्री राम की पवित्र
स्मृतियों को
सहेजने और संवारने को
कृत संकल्पित है
छत्तीसगढ़ की विष्णु देव
सरकार।
सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री, भारत
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क